दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 11 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में आज भी गतिरोध की स्थिति बनी रही।

02. एसआईआर वापस लेने की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। भाजपा ने एसआईआर पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा– शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का जल्द होगा आयोजन। विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की जुटाई जा रही है जानकारी।

04. और, गंगा नदी के उफान पर रहने के कारण पटना, बेगूसराय और मुंगेर समेत आठ जिलों में सोलह लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में।

---

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में आज भी गतिरोध की स्थिति बनी रही। लोकसभा में जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बार–बार अनुरोध के बावजूद विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। इसे देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

–––एम्बियंश–––

दोपहर दो बजे दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सदन ने हंगामे के बीच राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक पारित किया। हंगामे को देखते हुये सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। तीसरी बार सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा ने काराधान विधेयक दो हजार पच्चीस और आयकर संख्या दो विधेयक को पारित कर दिया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इधर, राज्यसभा में भी एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही बाधित हुई।

---

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को वापस लेने की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने आज संसद भवन परिसर से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी – शरद पवार गुट के प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महुआ माजी, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ–ब्रायन सहित अन्य नेताओं ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास में दिल्ली पुलिस ने कुछ सांसदों को हिरासत में भी लिया।

---

भाजपा ने बिहार में जारी एसआईआर पर सवाल उठाने और निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारहीन आरोप लगाने और झूठ फैलाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की संवैधानिक संस्थाओं में कोई आस्था नहीं रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया देश में पहली बार नहीं हो रही है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत दस दिनों के बाद भी किसी भी राजनीतिक दल ने मतदाता सूची के प्रारूप पर दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करायी है। निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आम मतदाताओं की ओर से दस हजार पांच सौ सत्तर दावा–आपत्ति दर्ज करायी गयी है। इसमें एक सौ सत्ताईस का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं, चौवन हजार चार सौ बत्तीस लोगों ने मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए अपना आवेदन जमा करवाया है।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का आयोजन जल्द किया जायेगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य के अठहत्तर हजार विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी जुटाई जा रही है।

–––बाईट –––

---

प्रदेश के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के आठ हजार छह सौ बयासी शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण किया गया है। शिक्षकों का विवरण ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर उपलब्ध है। राज्य में अब तक तेईस हजार पांच सौ अठहत्तर शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण किया जा चुका है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से जिले की पांच अलग–अलग सड़क चौड़ीकरण योजना और फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सात सौ छिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि से पूरी होने वाली ये योजनाएं पटना के विभिन्न मार्गों से जुड़ी हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल एक साथ प्रदेश के पंद्रह लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के साथ संवाद करेंगे। वर्चुअल मोड में होने वाले संवाद के लिए तीन हजार जगहों पर संवाद केंद्र बनाए गए हैं। श्री कुमार एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा से लाभान्वित लोगों के साथ बातचीत करेंगे और उनका फीडबैक लेंगे।

---

आज शहादत दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ बयालीस में अगस्त क्रांति के दौरान प्रदेश के सात विद्यार्थियों ने शहादत देकर पटना सचिवालय पर तिरंगा लहराया था। इन सात शहीदों की याद में आज पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्मंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, शहीद खुदीराम बोस की शहादत की याद में आज मुजफ्फरपुर स्थित केंद्रीय कारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान शिवहर में सबसे अधिक एक सौ बारह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कल पूर्णियां, सुपौल और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

---

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है। सोलह लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना जिले के सात प्रखंडों की चौबीस पंचायतें बाढ़ से पूरी तरह घिर चुकी हैं। अथमलगोला, बाढ़, दानापुर, दनियावां, मनेर, मोकामा और पटना सदर प्रखंड में लगभग डेढ़ लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ पीडितों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन छह सामुदायिक रसोई केन्द्र का संचालन कर रहा है। साथ ही प्रभावित परिवारों के बीच सूखे राशन और पॉलिथीन शीट का भी वितरण किया गया है। जिले में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक—एक टीम की तैनाती की गयी है। इधर, हमारे वैशाली संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है।

———बाईट———

गंगा नदी के जलस्तर में हुई बढ़ोतरी के कारण बेगूसराय जिले के आठ प्रखंड बाढ़ पानी से घिर चुके हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———बाईट———

भागलपुर जिले में बाढ़ के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ढ़ाई लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में आ चुकी है।

———बाईट———

मुंगेर जिले में भी बाढ़ की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान बाढ़ के पानी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गयी।

———बाईट———

इधर, भोजपुर, सारण, कटिहार और खगड़िया जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

बेगूसराय के नावकोठी थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर लीलावती का रिश्वत मांगते वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक मनीष ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वीडियो की जांच के लिए गठित कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है।

समस्तीपुर जिले के बघौनी चौक और परसा के बीच एक छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक छात्रा जिस शिक्षक से पढ़ती थी उसी ने हत्या को अंजाम दिया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपी शिक्षक के स्कूल को आग के हवाले कर दिया।

गोपालगंज के मांझा थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ एक अपराधी विकास कुशवाहा के पैर में गोली लगी है।

आरा की एक अदालत ने हत्या के एम मामले में दोषी पवन सिंह को आजीवन कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में आज भी गतिरोध की स्थिति बनी रही।

02. एसआईआर वापस लेने की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। भाजपा ने एसआईआर पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा– शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का जल्द होगा आयोजन। विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की जुटाई जा रही है जानकारी।

04. और, गंगा नदी के उफान पर रहने के कारण पटना, बेगूसराय और मुंगेर समेत आठ जिलों में सोलह लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में।

समाप्त